भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 326
उत्तर देने की तारीख 04 फरवरी, 2021

भारतनेट परियोजना

326. श्री संजय सिंह:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतनेट परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) भारतनेट परियोजना का जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार, शिक्षा तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
(श्री संजय धोत्रे)

(क) भारतनेट परियोजना को चरणबद्ध तरीके से कार्यान्वित किया जा रहा है ताकि देश की सभी ग्राम पंचायतों (लगभग 2,50,000) को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान की जा सके। दिनांक 27.01.2021 की स्थिति के अनुसार इस परियोजना के तहत कुल 1,51,431 ग्राम पंचायतों (प्रखंड मुख्यालय सहित) को सेवा के लिए तैयार किया जा चुका है।

(ख) भारतनेट परियोजना के चरण-I का कार्यान्वयन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के तीन उपक्रमों (सीपीएसयू) यानी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल), रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (रेलटेल), तथा पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल) के माध्यम से किया गया है। मंत्रिमंडल ने 19 जुलाई, 2017 को भारतनेट परियोजना के कार्यान्वयन के लिए कार्यनीति में संशोधन किया है। तदनुसार चरण-II का कार्यान्वयन मीडिया (ओएफसी, रेडियो तथा उपग्रह) के इष्टतम मिश्रण का उपयोग करके राज्य आधारित मॉडल, निजी क्षेत्र के मॉडल तथा सीपीएसयू आधारित मॉडल के माध्यम से किया जा रहा है।

******